## खबर संक्षेप

### सतना और मैहर में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूर्ण

**सतना।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का मुख्य जिला स्तरीय समारोह सतना के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होगा,जहाँ राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ध्वजारोहण करेंगी। कार्यक्रम सुबह 9बजे शुरू होगा, जिसमें परेड निरीक्षण,मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन,मार्चपास्ट और झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।
वहीं,नवनियुक्त जिला मैहर में कलेक्टर रानी बाटड उस्ताद अलाउद्दीनखां स्टेडियम में ध्वजारोहण करेंगी। दोनों ही जिलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर आयोजित होगा 'भारत पर्व'

**सतना।** गणतंत्र दिवस की शाम को सतना और मैहर दोनों जिलों में 'भारत पर्व' का आयोजन किया जाएगा। यह लोकतंत्र का एक लोक उत्सव है जिसमें संस्कृति विभाग के सहयोग से देशभक्ति तराने, कवि सम्मेलन और लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सतना में यह कार्यक्रम सेमरिया चौक स्थित टाउन हॉल में होगा,जबकि मैहर में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग ने जल जनित रोगों के लिए जारी की एडवायजरी

**सतना।** बदलते मौसम और दूषित जल से होने वाली बीमारियों जैसे हैजा,टाइफाइड और दस्त से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एडवायजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज शुक्ला ने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी उबालकर पिएं और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। क्लोरीन की गोलियों का उपयोग करने और ताज़ा व गर्म भोजन करने की सलाह दी गई है।बाजार के कटे हुए फलों से बचने और बीमार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर की सलाह से ओआर एस का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सतना शहर में ऑटो के लिए नई किराया दरें प्रस्तावित

**सतना।** यात्रियों की सुविधा और ऑटो चालकों की मनमानी रोकने के लिए प्रशासन ने किराए की नई दरें प्रस्तावित की हैं। कलेक्टर के निर्देश पर हुई बैठक में ऑटो एसोसिएशन की सहमति से आईएसबीटी सतना को केंद्र मानकर विभिन्न स्थानों का किराया तय किया गया है। प्रस्तावित दरों के अनुसार आई एस बीटी से गहरानाला 10,सेमरिया चौक 15,सर्किट हाउस 25और रेलवे स्टेशन या कचहरी तक का किराया 30 होगा। कलेक्ट्रेट धवारी तक के लिए 40 का किराया प्रस्तावित है। इन दरों को अंतिम स्वीकृति के लिए कलेक्टर के पास भेजा गया है।

### सतना में 30 जनवरी से तीन दिवसीय 'कजरौटा महोत्सव'

**सतना।** कला,साहित्य और परंपराओं का संगम 'कजरौटा महोत्सव' 30 जनवरी से 1 फरवरी तक व्यंकटेश लोक में आयोजित होगा। इसमें नाट्य शास्त्र पर परिचर्चा,कबीर गायन और महात्मा गांधी की गाथा पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव में राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव और आरजे यूनुस खान जैसे विशेषज्ञ संवाद सत्रों में भाग लेंगे। साथ ही बुंदेली लोकगीत,शास्त्रीय नृत्य और सिंधी नाटकों का मंचन भी किया जाएगा। यह आयोजन स्थानीय साहित्यकारों और कला प्रेमियों के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा।

### 24 और 25 जनवरी को मनाया जाएगा 'सतना गौरव दिवस'

**सतना।** शहर का गौरव दिवस दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। 24 जनवरी को सुबह 'प्लग रन' और दोपहर में पेंटिंग व पतंगबाजी प्रतियोगिता होगी,जबकि शाम को बाबा सत्यनारायण मौर्य का व्याख्यान होगा। 25 जनवरी को मुख्य कार्यक्रम बीटीआई ग्राउंड में होगा,जहाँ उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे।समापन अवसर पर प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक कीर्ति सगथिया की संगीतमय प्रस्तुति और मैहर बैंड का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहेगा।इस दौरान शहर के विकास पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा।

## चांदी की बढ़ती कीमतों के बीच 20 दिनों में तीसरी बड़ी वारदात, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

# सतना में बेखौफ चोरों के निशाने पर मंदिर, एक ही रात में दो जगह चोरी

**सतना। शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे भगवान के घर को भी नहीं बख्श रहे हैं। गुरुवार -शुक्रवार की दरमियानी रात सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर इलाके में चोरों ने दो मंदिरों को अपना निशाना बनाया और करीब एक किलोग्राम चांदी के आभूषण समेत नकदी पार कर दी।**

चोरों ने एक ही इलाके के दो अलग-अलग मंदिरों में सेंधमारी की। पहली घटना देवी मंदिर राजेंद्र नगर, गली नंबर-11 में घटित हुई। यहाँ से माता रानी का लगभग 500 ग्राम वजनी चांदी का मुकुट, छत्र और अन्य



कीमती आभूषण बदमाश चोरी करके ले गए। सुबह जब पुजारी हरिप्रसाद मंदिर पहुँचे,तब घटना का पता चला। हनुमान मंदिर राजेंद्र नगर,गली नंबर-13 से बजरंगबली की प्रतिमा का चांदी का छत्र,चेन और दानपात्र में रखे लगभग 25 हजार रुपए नगद चोरी कर लिए गए।

### सुरक्षा पर सवालः 20 दिन में 3 बड़ी घटनाएं

पिछले 20 दिनों के भीतर सतना में यह तीसरी बड़ी वारदात है। इससे पहले जगत देवतालाब और प्राचीन खेरमाई मंदिर में भी चोरी हो चुकी है।चांदी की बढ़ती




कीमतों के कारण चोर अब मंदिरों को आसान लक्ष्य मान रहे हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। पुलिस के अनुसार आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया गया है।स्थानीय नागरिकों में इन घटनाओं को लेकर काफी रोष है और उन्होंने प्रशासन से मंदिरों में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

# बस माफियाओं की गुंडागर्दी चरम पर क्या किसी बड़े हादसे का है इंतज़ार?







सतना।ज़िला प्रशासन के खोखले दावों और कागजी आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए निजी बस ऑपरेटरों ने खुलेआम गुंडागर्दी का मोर्चा खोल दिया है। शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए बनाए गए नियम अब सिर्फ फाइलों तक सीमित रह गए हैं,जबकि धरातल पर 'बस माफिया' का कानून चल रहा है। आलम यह है कि प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है और आम यात्री इन गुंडों के रहमोकरम पर जीने को मजबूर हैं।
नियमों की धज्जियांः स्टेशन बना अवैध बस स्टैंड प्रशासन के स्पष्ट आदेश हैं कि सभी बसें आईएसबीटी से संचालित होंगी,लेकिन हकीकत इसके उलट है। सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार की सुबह भी रीवा मार्ग की बसें पुराने बस स्टैंड से धड़ल्ले से निकल रही थीं। सबसे बुरा हाल सतना रेलवे स्टेशन का है,जहाँ सुबह से ही आधा दर्जन से अधिक निजी बसें अवैध रूप से खड़ी होकर सवारी भरती हैं। नियमों के मुताबिक,स्टेशन से यात्रियों को आईएसबीटी तक ले जाने की जिम्मेदारी 'सिटी बस' की है,लेकिन बिना परमिट के खड़ी ये निजी बसें न केवल राजस्व को चूना लगा रही हैं,बल्कि शहर की व्यवस्था को भी चुनौती दे रही हैं।

### यात्रियों से अभद्रता और 'सूत्र सेवा' को फूंकने की धमकी

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो प्रशासन की नाकामी का सबसे बड़ा सबूत हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह निजी बस संचालकों के गुर्गे 'सूत्र सेवा' की बसों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। हद तो तब हो गई जब इन गुंडों ने यात्रियों के साथ,जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं,अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज की। हाथ में वैध टिकट होने के बावजूद यात्रियों को डराया-धमकाया गया और सूत्र सेवा की बस में आग लगाने तक की धमकी दी गई। यह केवल विवाद नहीं,बल्कि सरेआम कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाना है।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठते सवाल

क्या ज़िला प्रशासन इतना मजबूर है कि वह अपने ही आदेशों का पालन नहीं करवा पा रहा? आए दिन सिटी बस और प्राइवेट बस ऑपरेटरों के बीच होने वाली ये झड़पें किसी दिन बड़ी हिंसा या भीषण दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। मारपीट और बदसलूकी की घटनाओं के बावजूद इन 'गुंडों' पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना प्रशासन और बस माफिया के बीच की सांठगांठ की ओर इशारा करता है। अगर समय रहते इन बेलगाम ऑपरेटरों पर नकेल नहीं कसी गई,तो सतना की सड़कों पर खून-खराबा तय है।

# गुंडा टैक्स मांगने वाले बदमाश पर पुलिस का शिकंजा

## मोमोज दुकानदार से 'अड़ीबाजी' करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सतना। शहर में शांति व्यवस्था भंग करने और व्यापारियों को डराने-धमकाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। पतेरी चौराहे पर एक मोमोज दुकानदार से मारपीट कर मासिक 'गुंडा टैक्स' की मांग करने वाले आरोपी सिद्धार्थ सिंह को सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला दिनांक 22 जनवरी की रात का है।**

फरियादी पंकज कुशवाहा 27 वर्ष,जो पतेरी हनुमान मंदिर के पास मोमोज की दुकान लगाता है,ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी सिद्धार्थ सिंह उसकी दुकान पर आया। आरोपी ने पहले मुफ्त में मोमोज खिलाने की जिद की और विरोध करने पर धमकाते हुए कहा कि अगर पतेरी चौराहे पर दुकान चलानी है,तो हर महीने 5000 रुपये गुंडा टैक्स देना होगा। जब दुकानदार ने पैसे देने से मना किया,तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की।

### सोशल मीडिया पर वायरल

मारपीट की इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था,जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में तत्काल कार्रवाई की गई।थाना प्रभारी सिविल लाइन,निरीक्षक योगेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर आरोपी सिद्धार्थ सिंह 23 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 119(1) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है। इस सराहनीय कार्य में निरीक्षक योगेंद्र सिंह परिहार,सउनि रोहिणी प्रसाद वर्मा,प्रधान आरक्षक निरंजन मेहरा,विकास सिंह और उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही।

## नशामुक्ति हेतु 30 जनवरी को मद्य निषेध संकल्प दिवस

**सतना।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी को जिले भर में 'मद्य निषेध संकल्प दिवस' मनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सभी विभागों और शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि वे इस दिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें और उसकी फोटो नशामुक्ति भारत अभियान पोर्टल पर अपलोड करें। समाज में जन चेतना लाने के लिए जन अभियान परिषद और स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा।



### रामवन में 5 दिवसीय बसंतोत्सव मेले का भव्य शुभारंभ

**सतना।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रामवन में बसंत पंचमी के अवसर पर 5 दिवसीय बसन्तोत्सव मेले का शुभारंभ विधायक विक्रम सिंह द्वारा किया गया। विधायक ने मेलों को हमारी सांस्कृतिक धरोहर और आपसी भाईचारे का प्रतीक बताया। इस मेले में लगभग 700 दुकानें सजी हैं,जहाँ ग्रामीण जीवन की झलक के साथ-साथ कबड्डी और अन्य देशी खेलों का आयोजन हो रहा है। 27 जनवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजन की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सरपंच मनीषा सिंह ने बताया कि मेले में खेल-तमाशे,झूले और स्थानीय व्यंजनों का आनंद लेने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### रामवन मेले में बघेली लोकगीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



रामवन मेले के दौरान 24 से 26जनवरी तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसमें बघेली लोकगीत,भक्ति संगीत और अवधी गायन की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। 24 जनवरी को श्रीमती मणिमाला सिंह और डॉ.सपना नामदेव,25 जनवरी को श्रीमती दीपशिखा (प्रयागराज) और 26 जनवरी को प्रसिद्ध अवधी गायिका वंदना मिश्रा अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। इन कार्यक्रमों में सांसद गणेश सिंह,राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय लोक कलाओं का संरक्षण और संवर्धन करना है।

# हर्षोल्लास के साथ मना बसंत पंचमी का पर्व

**सतना।** जिले भर में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूलों में मां सरस्वती की आराधना की गई और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। स्कूलों व अन्य संस्थाओं में सुबह से ही उत्साह का माहौल नजर आ रहा था। धवारी केशव नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी का पावन पर्व अत्यंत गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ वीणापाणि के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन-अर्चन के साथ किया गया।



### विद्यारंभ संस्कार और हवन-पूजन

विद्यालय के प्राचार्य रामप्रकाश मिश्र ने बताया कि इस पावन अवसर पर आगामी शिक्षण सत्र के लिए नए प्रवेशी बच्चों का 'विद्यारंभ संस्कार' कराया गया। वैदिक रीति-रिवाज के साथ आयोजित इस संस्कार में सामूहिक हवन और पाटी-पूजन संपन्न हुआ,जिसमें बच्चों ने भक्तिभाव से भाग लिया।
सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिशु नगरी का प्रदर्शन उत्सव के दौरान 'शिशु नगरी' के तहत नन्हे मुन्ने बच्चों ने शारीरिक व्यायाम और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। बच्चों के उत्साह और कौशल ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया।

### बाल मेलाः नन्हे उद्यमियों का कौशल

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'बाल मेला' रहा।यहाँ भैया-बहनों ने स्वयं के स्टाल लगाकर अपनी उद्यमिता और प्रबंधकीय कौशल का परिचय दिया। मेले में खान-पान से लेकर हस्तशिल्प तक के विभिन्न स्टाल लगाए गए थे। अतिथियों की उपस्थिति एवं सम्मान इस अवसर पर मुख्य रूप से राजीव व्यास, इंजीनियर बलराम गुप्ता, सी.ए.सत्यम केशरवानी, प्रशांत सिंह, अंजना विश्वकर्मा, रामजी शुक्ला और अभिषेक अग्रवाल उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों और प्रबुद्धजनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

## निर्माण कार्यों में फर्जीवाड़े का भंडाफोड़, फर्जी दस्तावेजों से बिल भुगतान की कोशिश करने वाला ठेकेदार फंसा

**सतना।** सरकारी धन का गबन करने की नीयत से फर्जी दस्तावेज तैयार कर भुगतान प्राप्त करने की कोशिश करने वाले एक संविदाकार (ठेकेदार) के विरुद्ध सिटी कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई षड्यंत्रपूर्वक फर्जी बिल प्रस्तुत करने की शिकायत की जांच के बाद की है।

### षड्यंत्र का खुलासा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,फरियादी पवन कुमार श्रीवास्तव ने 12 जनवरी 2026 को एक आवेदन देकर शिकायत की थी कि सत्यव्रत तिवारी (संचालकः सत्यव्रत कंस्ट्रक्शन) ने 06 स्कूलों के मरम्मत कार्य के नाम पर फर्जी देयक (बिल्स) तैयार किए हैं। आरोपी ठेकेदार ने इन फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से सरकारी राशि हड़पने का षड्यंत्र रचा था।पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेश सिंह बघेल के मार्गदर्शन में हुई जांच में पाया गया कि आरोपी ने वास्तव में धोखाधड़ी की नीयत से कागजात तैयार किए थे।
थाना प्रभारी सिटी कोतवाली,निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि आरोपी सत्यव्रत तिवारी निवासी मऊगंज के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5), 62, 318 (4) और 336(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता से समझौता करने वाले और जालसाजी के जरिए भ्रष्टाचार करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मामले की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि गिरोह के अन्य संभावित संपर्कों का पता लगाया जा सके।

## कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली गई शपथ

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सतना कलेक्ट्रेट में 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस की उपस्थिति में अपर कलेक्टर विकास सिंह ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने की शपथ दिलाई। सभी ने निष्पक्ष,शांतिपूर्ण और निर्भीक होकर मतदान करने का संकल्प लिया। कलेक्टर ने इस अवसर पर सभी को मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।



## खबर संक्षेप

### पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में पराक्रम दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में शुक्रवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य अमित दाहिया ने सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पअर्पण कर नेताजी के विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान का स्मरण कर छात्रों को पराक्रम, साहस और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय रमखिरिया, पीएम श्री शासकीय विद्यालय रक्सेहा, कुंजवन, शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 पन्ना एवं शासकीय मनहर विद्यालय पन्ना सहित 9 स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेश पटेल ने किया एवं आभार प्रदर्शन नीरज चौरसिया द्वारा किया गया।

### शोक की लहर, भाजपा जिला अध्यक्ष के पिता का निधन



**पन्ना।** बयोवृद्ध 89 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक पूजनीय स्वर्गीय भगवान दास मिश्रा का आज (22 जनवरी 2026) देर शाम जिला चिकित्सालय पन्ना के प्छ में दुखद निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। भाजपा जिला अध्यक्ष पन्ना बृजेंद्र मिश्रा जी के पिता के निधन से पन्ना नगर सहित पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार शुक्रवार, 23 जनवरी को सुबह 10 बजे। अंतिम यात्रारू अजयगढ़ चौराहा, पन्ना स्थित निज निवास से प्रारंभ होकर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। पर्यावरण संरक्षक की स्मृति स्वर्गीय भगवान दास जी ने शहर में कई बरगद के पौधे लगाए और उनकी देखभाल की। उनकी यह हरियाली की साधना हम सबके लिए प्रेरणा बनी रहेगी। शोक संवेदना पन्ना की जनता परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करती है एवं समस्त पत्रकारों ने श्रद्धांजली अर्पित की।

# शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में बसंत पंचमीं पर मां वीणा वादिनी के मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन कर मां सरस्वती की आराधना की

**बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की आराधना जहां स्वमेव ही इस दिन महत्व प्रख्यात है साथ ही पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य तथा उनके सहयोगी स्टाफ के द्वारा जहां मां की आराधना विधिवत तरीके से जो की गई है निष्चिततौर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिये भी यह विद्या की देवी की आराधना वसंत पंचमी का दिन जो जीवन के बसंत की खुषहाली के लिये मानी जा रही है।**






**पन्ना।** वैसे भी विद्यालय हो या महाविद्यालय आज के दिन बसंत पंचमी के पावन पर्व में जहां वीणावादिनी मां सरस्वती का पूजन-अर्चन बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में जहां प्राचार्य अरविन्द्र कुमार त्रिपाठी व उनके सहयोगी स्टाफ के द्वारा मां वीणा वादिनी का मंदिर जो महाविद्यालय के सामने ही कृपा बिखेरता है जहां बसंत उत्सव के रूप में आज बसंत पंचमी के दिन मां की आराधना निष्चिततौर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सहयोगी स्टाफ के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के लिये जहां मां की कृपा थी आज के दिन आने वाले समय को ध्यान में रखकर जो पूजन-अर्चन किया जाता है वह सतत कहीं न कहीं जीवन के हर बसंत के लिये उपयोगी साबित होता है। विद्या की देवी मां सरवती की आराधना जहां विद्या के मंदिर के भवन के सामने ही मां का सुंदर स्थान वहीं आज के दिन मां की आराधना समस्त महाविद्यालय में पढने वाले छात्र.-छात्राओं के लिये भी यह प्रेरणादायी सदैव के लिये उनके जीवन में खुषियां भरने को लेकर माना जाता है।

## ग्रामीण युवाओं ने वृक्षारोपण करके मनाई बसंत पंचमी



**बसंत पंचमी के पावन पर्व में जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा के सिद्ध स्थल भगवान सिद्धनाथ के प्रांगण में जहां एक तरफ मेले का आयोजन वहीं दूसरी तरफ ग्राम के लोगों ने आज का दिन वृक्षारोपण करते हुये इस स्थान की हरियाली को लेकर भावी भविष्य बसंत पंचमी की देवी मां सरस्वती की कृपा से आने वाले हर वर्ष खुषहाली के बसंतों को लकर जाना जाये, किया वृक्षारोपण भगवान सिद्धनाथ के प्रांगण में**

**पन्ना।** बसंत पंचमी का पावन पर्व जो प्रकृति की कृपा स्वतः ही बसंत ऋतु के नाम से ही अलग ही छटा बिखेरती है वहीं सिद्ध स्थल सिद्धनाथ का स्थान जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा में जो अपनी महिमा को लेकर जैसा नाम वैसा ही सिद्ध स्थल जाना जाता है। जहां सिद्धनाथ के प्रांगण में आज के दिन प्रति वर्ष की तरह मेले का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ कई ग्रामों के लोगों के द्वारा मनाया जाता है वहीं विषेषतौर पर मां सरस्वती का दिन आज बसंत पंचमी को लेकर उनकी आराधना से जुड़ा हुआ है वहीं समस्त ग्रामीणों ने सिद्धनाथ के मंदिर में जहां पूजा अर्चन के बाद प्रांगण में वृक्षारोपण किया सामुहिक रूप से बसंत उत्सव के रूप में क्योंकि आने वाले समय में ये वृक्ष हरियाली के साथ-साथ फल भी प्रदान करेंगे। वहीं इस स्थान की सुंदरता व महिमा को लेकर जहां अलग ही मानी जाती है क्योंकि इस प्रांगण में जो वृक्ष लगाये जाते है या स्वयं से होते है इन्हें कोई काट नहीं सकता न ही कोई काटकर घर ले जा सकता है इस स्थान में भले ही उनका उपयोग सामुहिकतौर पर प्राचीन समय से होता आ रहा है वहीं फलदार वृक्ष आम, अमरूद, आवला के साथ-साथ फूलों के छटा बिखरने के लिये भी वृक्षा रोपण को अंजाम दिया गया ग्रामीण युवाओं ने स्वयं से गड्ढे खोदकर स्वयं अपने आज की बसंत पंचमी को आने वाले हर बसंत को ध्यान में रखते हुये वृक्षारोपण करते हुये बड़े ही उत्साह के साथ बसंत उत्सव के रूप में मनाया।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस छत्रसाल महाविद्यालय में बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का भव्य आयोजन




**पन्ना।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में बसंत पंचमी एवं महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एक गरिमामय, प्रेरणादायी एवं सांस्कृतिक-आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय कार्य योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावादिनी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया, जिससे सम्पूर्ण विद्या-सदन आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय लक्ष्मीकांत शर्मा ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में जीवन, संस्कृति और राष्ट्र के मध्य गहरे संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा कि "अपनी प्रकृति ही मनुष्य का सच्चा श्रृंगार है, जहाँ अनुशासन है वहीं संस्कृति है और अहंकार से अज्ञानता उत्पन्न होती है।" उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र को अपने जीवन का केंद्र बनाकर, संस्कार और चरित्र को अपना आधार मानें तथा दृढ़ संकल्प के साथ जीवन का निर्माण करें। उन्होंने गरम दल के महान नेता नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संघर्षमय जीवन, अदम्य साहस और उनके ऐतिहासिक उद्घोष "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा" को स्मरण कराते हुए कहा कि आज का युवा यदि उनके आदर्शों को अपनाए तो राष्ट्र का भविष्य सशक्त, स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर बनेगा। इस अवसर पर नेताजी के क्रांतिकारी विचार एवं राष्ट्रनिर्माण में योगदान विषय पर परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी. पी. मिश्रा ने बसंत पंचमी के बौद्धिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निर्मल बुद्धि और तीव्र स्मरण शक्ति मानव जीवन की सबसे बड़ी संपदा है। मां वीणावादिनी की उपासना से विवेक, ज्ञान और सकारात्मक चिंतन का विकास होता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की महानता को रेखांकित करते हुए कहा कि जिस प्रकार जर्मनी में हिटलर को जाना जाता है, उसी प्रकार भारत में नेताजी को सकारात्मक और प्रेरणास्रोत के रूप में जाना जाता है। भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी डॉ. शुभम पाठक द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण ने सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। उन्होंने इस दिवस को प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना का संगम बताते हुए विषय प्रवर्तन किया, जिससे कार्यक्रम की वैचारिक गहराई और भी सुदृढ़ हुई। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली मंच संचालन डॉ. पियूषा शर्मा द्वारा किया गया। संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में ढोलक वादन दृ डालचंद्र कोरी, हारमोनियम वादन दृ पुष्पेंद्र कोरी, सरस्वती वंदना - अभय मजूमदार तथा स्वागत गीत - रोहिणी एवं निशा वर्मन ने भावपूर्ण वातावरण निर्मित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत मेघा रैकवार द्वारा लोक गीत, अदिति एवं जनकलली द्वारा मां सरस्वती पर नृत्य, भरत कुशवाहा का एकल नृत्य, अंशिका शुक्ला का लोक गीत, कीर्ति का हारमोनियम वादन, संजना का लोक नृत्य, अदिति एवं मानसी का गायन, रोहिणी राजा तथा सहायता प्रजापति के नृत्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और कार्यक्रम को सांस्कृतिक ऊँचाई प्रदान की। इस कार्यक्रम में एनएसएस वॉलिंटियर्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिय और मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता से यह आयोजन अत्यंत सफल, प्रेरक एवं स्मरणीय बन गया। इस कार्यक्रम में डॉ मनोरमा गुप्ता, डॉ सिद्धू सिंह, डॉ डीपी कुशवाह, डॉ एम के शुक्ला, डॉ सतीश त्रिपाठी, डॉ नंद कुमार पटेल, आभास तिवारी जी, सुश्री वैशाली रजक,एवं अन्य प्राध्यापक साथी उपस्थित रहे। अंत में डॉ. बी. एन. जायसवाल द्वारा औपचारिक आभार प्रदर्शन किया गया तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। यह आयोजन बसंत पंचमी की आध्यात्मिक चेतना और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रप्रेरक आदर्शों का सशक्त संगम बनकर महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक जीवन में एक उज्ज्वल अध्याय के रूप में स्थापित हुआ।

## महाराजा छत्रसाल मैदान में आयोजित पवई क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य समापन

**पवई।** नगर के महाराजा छत्रसाल खेल मैदान में पवई के लोकप्रिय विधायक प्रहलाद लोधी के स्व पुत्र महेंद्र सिंह लोधी स्मृति में आयोजित एक माह से चल रहे पवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा,विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य सतानंद गौतम,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे परमार,जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह,मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा,जनपद अध्यक्ष शाहनगर आशीष खरे एवं नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत के द्वारा की गई। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में पहली बार दो फाइनल मुकाबले खेले गए। पहला फाइनल मुकाबला ग्रुप ए लुधनी और मुराछ की टीम के बीच सुबह 10 बजे से खेला गया जिसमें लुधनी ने मुराछ को हराकर रोमांचक जीत हासिल की। वहीं 1 बजे से खेले गए दूसरे मुकाबले में लक्ष्मण एकादश ने गुनौर की टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। मुख्य अतिथि के द्वारा दोनों विजेता टीमों लक्ष्मण एकादश और लुधनी को 51- 51 हजार रुपए और विजेता की ट्रॉफी प्रदान की,वही उपविजेता रही दोनों टीमों गुनौर और मुराछ को 21 - 21 हजार की नगद राशि के साथ उपविजेता की ट्रॉफी प्रदान की गई।

## पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली एवं यातायात रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय पी.टी.आर.आई. भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से "सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा" थीम पर दिनांक 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 23 जनवरी 2026 को पन्ना पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु जागरूकता रैली एवं यातायात रथ का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जागरूकता रैली एवं यातायात रथ को हरी झंडी दिखाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना से रवाना किया गया। उक्त जागरूकता रैली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों एवं मुख्य चौराहों से होते हुए यातायात थाना पन्ना पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, हेलमेट के अनिवार्य उपयोग तथा सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया गया। यातायात रथ की डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबंधित वीडियो प्रदर्शित किए गए, वहीं अनाउंसमेंट के माध्यम से दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट वाहन न चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु संदेश दिया गया। उक्त रैली यातायात थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें 200 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी, एन.सी.सी. कैडेट्स एवं स्कूलदृकॉलेजों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। रैली के दौरान आमजन को "राहवीर योजना" के संबंध में भी बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही रैली में शामिल पुलिसकर्मी, एन.सी.सी. कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात नियमों से संबंधित जागरूकता संदेशों वाली तख्तियां हाथों में लेकर आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोट से होने वाली मृत्यु को रोकने के उद्देश्य से पन्ना ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले दोपहिया वाहन चालकों को निरंतर समझाइश दी जा रही है, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत पन्ना जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के तहत स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में सड़क सुरक्षा, हेलमेट उपयोग, सीट बेल्ट, यातायात संकेतों के पालन एवं सुरक्षित वाहन संचालन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि बच्चों, युवाओं एवं आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार व्यवहार विकसित किया जा सके। अंत में पन्ना ट्रैफिक पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा हेतु सदैव हेलमेट का उपयोग करें, यातायात नियमों का जिम्मेदारीपूर्वक पालन करें, क्योंकि सड़क पर सुरक्षा ही सर्वोपरि है।

## बसंत उत्सव के मौके पर हर्षोल्लास के बीच आयोजित हुआ मां सरस्वती का पूजन

### सीएम राईज कन्या स्कूल में सुंदरकांड पाठ का भी हुआ आयोजन



**अमानगंज।** हिंदू सनातन संस्कृति के प्रमुख त्योहारों में से एक वसंत उत्सव आज आरंभ होते ही पन्ना जिले के अमानगंज नगर की विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों में विद्या बुद्धि की माता मां सरस्वती का पूजन उनका जन्म उत्सव पूर्ण उत्साह के साथ वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच मनाया गया। जिसमें नगर के प्रमुख शैक्षणिक संस्था सीएम राईज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में यह आयोजन गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पूरे उत्साह श्रद्धा भक्ति भाव के साथ मनाया गया। जहां तीन-तीन आचार्य पंडितों के वैदिक मंत्र उच्चारण के मंत्र ध्वनि विद्यालय परिसर के चारों ओर गूंजती सुनाई दी गई। विद्यालय की कन्याओ द्वारा माता सरस्वती का मंदिर चारो ओर से फूलों से बहुत आकर्षक और सुंदर सजाया गया। विद्यालय में चारों ओर पुष्प हार और बंदनवार लगाकर सजाया गया। सभी देव एवं ग्रहों का पूजन अर्चन संपन्न होने के बाद सारे विद्यालय परिवार ने सामूहिक रूप से वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन किया और माता सरस्वती की स्तुति व सामूहिक रूप से आरती का आयोजन किया गया। इसी बीच नगर की प्रमुख संकीर्तन मंडल पार्टी द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन साज-बाज के साथ किया और मंडल के कलाकारों द्वारा आकर्षक भजन और माता सरस्वती के गीत छात्राओ के बीच प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रसाद वितरण में विद्यालय परिवार की ओर से सभी कन्याओं और सदस्यों के बीच खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार रेजा रेजा द्वारा पूजन संपन्न होते ही आज बसंत उत्सव की सभी को बधाई दी गई और विद्यालय परिवार के हर सदस्य का आभार भी माना। इस मौके पर सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रही।



## अज्ञात वन्य जीव के हमले से नाबालिग बच्चे की दर्दनाक मौत

### पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर एरिया का मामला

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में आज सुबह किसी अज्ञात वन्यजीव के हमले से एक 12 वर्षीय नाबालिग बच्चे के मौत की खौफनाक घटना सामने आई है। मामला पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से लगे ग्राम जरधोवा का है। वन अधिकारी मौके पर पहुंचकर वन्यजीव की पहचान और हमले की परिस्थितियों को लेकर तहकीकात कर रहे हैं। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पन्ना टाइगर रिजर्व के पन्ना कोर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जरधोवा ग्राम में झोपड़ी बनाकर खेत में रह रहे एक किसान परिवार के नाबालिग बच्चे को बीती रात अज्ञात वन्यजीव ने जानलेवा हमला कर अपना निवाला बनाया है। इस हमले में देव आदिवासी पिता बहादुर आदिवासी (12 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद बच्चे का सिर और धड़ खेत में अलग-अलग पड़े मिले, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वन्यजीव के हमले से क्षत-विक्षत हुए बालक के शव की फोटो विचलित करने वाली है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पन्ना टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन व निगरानी बढ़ा दी गई है। पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारी हालात पर नजर बनाए हुए हैं, ग्रामीणों से उनके द्वारा सतर्क रहने की अपील की गई है।

## सकारात्मक चिंतन से जीवन में सदा लायें बहार, बहन जी




**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पन्ना की ओर से चौमुख नाथ मंदिर सलेहा में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आध्यात्मिक चरित्र निर्माण प्रदर्शनी लगाई गई। बहन जी ने सभी को बसंत पंचमी का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि मां सरस्वती से हमें प्रेरणा लेनी है उनके सामान निर्मल पवित्र शुद्ध मन रखना है जब मन शुद्ध पवित्र होता है तो हमारे पास लक्ष्मी स्वतरू आती है इस दिन पीले रंग का विशेष महत्व पीला रंग समृद्धि सफलता और खुशी का प्रतीक है आगे आपने कहा कि हमें मां सरस्वती से प्रेरणा लेनी है अपने मन वचन कर्म से पवित्र रहना है जब हमारे जीवन में पवित्रता आती है तो जीवन में सुख शांति से भरपूर हो जाती है। मां सरस्वती को वीणा वादिनी भी कहा जाता है, वीणा तो सभी को बजाना नहीं आती है परंतु एक वीणा हम सभी के पास है वह है हमारा मुख तो हमें इससे सदा सुखदाई बोल ही बोले हंस के समान पवित्र सकारात्मक विचार ही धारण करें अगर हम अपना जीवन सकारात्मक विचारों से भर लेंगे तो हमारे जीवन में सदा बहार रहेगी और हम सदा खुशहाल रहेंगे। साथ में सभी को चित्रों के माध्यम से व्यसनों के बारे में भी समझाया सभी को नशा छोड़ने की प्रतिज्ञा कराई नशे से होने वाली हानियां समझाई गई एवं कैसे उनसे छुटकारा पाया जा सके इसके लिए विशेष ध्यान पर जोर दिया सभी ग्राम वासियों ने खुशी-खुशी बुराई है एवं नशा छोड़ने की प्रतिज्ञा ली।

In The Court Of Sushri Palak Singhai,
II Civil Judge Class-II, District Court,Damoh
Presiding Officer: सूश्री पलक सिंघई
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000130/2023)
लखन सिंह.........................वादी Vs
हर प्रसाद अहिरवार..................प्रतिवादी
TID 198/2026
Process Id-19 / 2026
पेशी दिनांक :- 18/02/2026
प्रेषिती-
(1) गौराबाई पति आमसींग सींग पुत्री कल्याण सींग पता मछंदरा तहसील बहोरीबन्द जिला कटनी म.प्र. (2) पार्वती बाई पति भैयाराम सिंह लोधी पता- ग्राम मगरोन शाहपुर उप उपतहसील शाहपुर जिला सागर म.प्र. (3) इमरती बाई पति आमसींग लोधी पता- ग्राम पडवार तहसील शाहनगर जिला पन्ना म.प्र.
यह कि प्रार्थी लखन सिंह ने आपके विरूद्ध पाने स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 21 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
पलक सिंघई दिवाकर
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
शील
कनिष्ठ खण्ड दमोह (म.प्र.)
यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

## खबर संक्षेप



### बसंत पंचमी पर धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजन

**ईशानगर।** प्राइवेट स्कूल और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की आराधना बड़ी ही हर्षोल्लास और धूमधाम से की गई। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न बच्चों का विद्यारंभ संस्कार भी कराया गया। स्कूल परिसर में आयोजित इस धार्मिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम में बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की और ज्ञान की देवी से विद्या प्राप्ति की कामना की। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों को उपहार स्वरूप शिक्षण सामग्री भी भेंट की गई, ताकि वे अपनी पढ़ाई में और अधिक उत्साह से जुड़ सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट सतीश अग्रवाल, प्राचार्य के.एल. राय, प्रधानाचार्य रुद्रप्रताप सिंह पायक सहित बड़ी संख्या में बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस पावन अवसर को यादगार बनाया।

### सेन समाज मनाएगा भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की जन्म जयंती आज

**छतरपुर ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला सेन समाज द्वारा भारत रत्न जननायक स्वर्गीय श्री कपूरी ठाकुर जी का 102 वीं जन्म जयंती मनाई जा रही है। जिला सेन समाज के महासचिव राजेंद्र सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि जननायक भारत रत्न कपूरी ठाकुर जी की जन्म जयंती रामलीला मंच,गल्ला मंडी छतरपुर में शनिवार को दोपहर 02 बजे से 4 बजे तक मनाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय बीड़ी मजदूर संघ के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल चौरसिया जी रहेंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सेन समाज छतरपुर के अध्यक्ष हेमराज वर्मा जी करेंगे।

### दो अपराधियों पर की जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले के 02 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक आकाश पिता नरेश राठौर उम्र 24 वर्ष निवासी तीनगुल्ली दमोह को 01 वर्ष की कालावधि के लिये तथा अनावेदक आकश ऊर्फ डूठा पिता रियाज कुरैशी निवासी बजरिया वार्ड नं.-07 कसाई मण्डी दमोह को आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आसपास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर से निष्कासित (जिला बदर ) कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें।

### ग्राम मगरोन में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम के तहत हुई कार्रवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी हैं। बटियागढ तहसील अन्तर्गत ग्राम मगरोन मे गिटटी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच खनिज अमला द्वारा किया गया। जिला माइनिंग अधिकारी कमलेश ने बताया उक्त ग्राम मे ट्रेक्टर बिना नम्बर का द्वारा बिना रायल्टी गिट्टी का अवैध परिवहन किया जाना पाया गया को जप्त कर पुलिस थाना मगरोन मे सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया हैं। प्रकरण मे खनिज नियमो के तहत कारवाई प्रस्तावित की जायेगी।

## विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह में क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय मंत्री जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ-साथ सत्ताधारी विधायकों की दिखी उपेक्षा

**विशिष्ट अतिथि छतरपुर विधायिका ललिता यादव को सम्बोधन के लिए नहीं दिया गया मंच**

छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्विद्यालय द्वारा आज अपना पांचवा दीक्षांत समारोह मनाया गया। जिसमें प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जहाँ उन्होंने समारोह में सिरकत कर शोधार्थी विधार्थियो को पीएचडी एवं डीलिट की उपाधि देकर सम्मानित किया। वहीं विभिन्न विषयों में अव्वल आने वाले विधार्थियों को गोल्ड मेडल देकर भी नवाजा




पर कार्यक्रम उस समय चर्चा का विषय का बन गया। जब सम्मानीय मंच पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में क्षेत्रीय सासंद एवं केन्द्र सरकार में मंत्री डॉ बीरेन्द्र कुमार जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या हरिओम अग्निहोत्री (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) मंच पर नजर नही आए, और ना ही जिले के भाजपा विधायक राजेश शुक्ला, (बिजावर) अरविंद्र पटैरिया,(राजनगर) कमाख्या प्रताप सिंह (महाराजपुर) दिखे। सम्मानित लोगों में यह भी चर्चा का विषय रहा कि विश्वविद्यालय द्वारा बनवाए गए पंचम दीक्षांत समारोह के कार्ड में इन अतिथियों के नाम भी गायब दिखे सम्भवतः इसी उपेक्षा के चलते यह अतिथि दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हुए। जहां विश्वविद्यालय द्वारा इतना गरिमामई कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा था, वहां पर ना तो पत्रकारों के लिए उचित बैठक व्यवस्था थी। गत वर्ष के कार्यक्रम में अतिथियो सहित पत्रकारों के लिए भी भोजन व्यवस्था रखी गई थी। पर इस बार आयोजकों ने उचित पानी तक की व्यवस्था नही की। समारोह एक दम नीरस्ता भरा दिखाई दिया। सूत्रों से जानकारी मिली है कि पिछले चतुर्थ दीक्षांत समारोह में स्थानीय विधायकों को कार्यक्रम में मंच देने की बात राज्यपाल द्वारा की गई थी उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन से कार्यक्रम समापन के उपरांत स्पष्ट बोला था। कि विधायकों को मंच पर यथोउचित स्थान दिया जाए, आगे से कार्यक्रम के दौरान ध्यान रखें पर इस बार फिर वहीं हाल हुआ। कार्ड में भी नाम नही डाला गया। और इसी उपेक्षा को महसूस करते हुए विधायकगणों ने कार्यक्रम से दूरी बनाई। दीक्षांत समारोह के दौरान विधायक ललिता यादव ने मंच से खुद पीने के लिए पानी मांगा, क्योंकि पानी तक की व्यवस्था मंच में बैठे अतिथियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा नही की गई थी।

### दीक्षांत समारोह के नाम पर प्राइवेट कॉलेजों से हुई बसूली, खाना के नाम पर दिया गया ठेंगा -

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दीक्षांत समारोह के लिए बजट उपलब्ध कराया जाता है लेकिन ऐसी चर्चा है कि दीक्षांत समारोह के नाम पर प्रत्येक प्राइवेट कॉलेजों से बसूली की गई। यह भी चर्चा है कि इस दीक्षांत समारोह में अन्य दीक्षांत समारोह की तरह फर्जी बिल लगाकर बजट को ठिकाने लगाया जाएगा।

## जमीनी विवाद में बुजुर्ग व महिला पर कुल्हाड़ी से हमला, फायरिंग कर घर में लगाई आग



**छतरपुर। जिले के थाना भगवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरेठी में जमीन विवाद को लेकर दबंगों ने बुजुर्ग पुरुष और एक महिला पर कुल्हाड़ी से भीषण हमला कर दिया। हमलावरों ने न केवल मारपीट की, बल्कि घर के बाहर फायरिंग कर दहशत फैलाई और घर में आग भी लगा दी। घटना से पूरे गांव में भय का माहौल है।**

घटना शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित रची बाई (महिला) और चिनुया अहिरवार (बुजुर्ग पुरुष) ने बताया कि वे रास्ते से गुजर रहे थे, तभी गांव के योगी राजा, बाबू राजा, राणा साहब, राजू, देवेंद्र, भोले राजा, गिन्नी राजा सहित अन्य लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों के साथ कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे दोनों के हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं। पीड़ितों के अनुसार, हमलावरों ने उनके घर के बाहर फायरिंग की, जिससे परिवार में दहशत फैल गई। इसके बाद आरोपियों ने घर में आग लगा दी। घायलों को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल दोनों का इलाज जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में चल रहा है।

परिजनों ने तुरंत 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि यह पूरा मामला जमीन पर कब्जे से जुड़ा है। दबंग उनकी जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। परिवार का कहना है कि वे अब भय के साये में जी रहे हैं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कृषि विभागः किसान प्रशिक्षण कागजों में लाखों का हुआ फर्जीवाड़ा, जांच का विषय!

**50% उपसंचालक कृषि और 50 प्रतिशत में दोनों संविदा कर्मचारी शामिल होने के आरोप**

**कृषि विभाग में पदस्थ 2 संविदा कर्मचारियों द्वारा किसानों के प्रशिक्षण कागजों में दिखाकर किया जा रहा लाखों का फर्जीवाड़ा के आरोप**

**छतरपुर।** शासन द्वारा किसानों को उन्नत किस्म की खेती करने के लिए तरह तरह की योजनाएं कृषि विभाग के माध्यम से संचालित की जाती है। ताकि इन योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी किसानों को मिल सके। और उसी अनुरूप किसान अपनी खेती कर सके। इसके लिए किसानों को प्रशिक्षित करने की योजना शासन द्वारा चलाई जा रही है। लेकिन आधुनिक कृषि नीतियों का प्रशिक्षण छतरपुर जिले में कागजों पर कृषि विभाग चला रहा है, लेकिन वास्तविक रूप से किसानों को कोई जानकारी नही मिल पा रही है, सिर्फ कागजों में प्रशिक्षण कराकर लाखों रूपए का बजट ठिकाने लगाया जा रहा है।

उन्नत बीज उत्पादन वा तकनीक किसानों को बताई जानी चाहिए और इसी के लिए प्रशिक्षण कराए जाने का प्रावधान है। एकीकृत कीट प्रवधन का भी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। ताकि किसानों को कीटों से फसलें बचाने का ज्ञान हो सके। एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, फसल प्रणाली आधारित प्रशिक्षण, कृषि यंत्रीकरण, प्राकृतिक/जैविक खेती, कटाई उपरांत तकनीक आदि का प्रशिक्षण किसानों को दिया जाना चाहिए। लेकिन जिले के अधिकतर विकासखंडों में यह प्रशिक्षण नहीं कराए जातें है।




### (एनएफएसएम) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत किसानों के ज्यादातर प्रशिक्षण कागजों में -

(एनएफएसएम) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत किसानों को 4 प्रशिक्षण दिए जाने का प्रावधान है और 1 प्रशिक्षण 4 सत्रों में होना चाहिए। जिसमें 2 प्रशिक्षण खरीफ/रबी फसलों की बुआई के पहले किसानों को दिए जाना चाहिए और 2 प्रशिक्षण फसल तैयार होने की अवधि के दौरान दिए जाने का प्रावधान है। सबसे बड़ी बात यह है कि प्रशिक्षण जिला और ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित ना किए जाकर गांव में आयोजित किए जाना चाहिए। और वहीं पर किसानों को जानकारी दी जानी चाहिए। कृषि विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि एक सत्र 50 किसान प्रशिक्षण में किए जाने थे, और इन 50 किसानों के प्रशिक्षण के खर्च के लिए शासन द्वारा 14 हजार रूपए प्रति प्रशिक्षण भी दिए जाते है। लेकिन जिलें मे अधिकतर प्रशिक्षण कागजों में दर्शाकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। जिले के दोनों संविदा कर्मचारी जिस ब्लॉक के गांव में किसानों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखते हैं उसे ब्लॉक के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को भी नहीं रहती कोई जानकारी। जिसका मुख्य कारण यह भी बताया जा रहा है। एक वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम लोग 50% कमीशन देने में सक्षम नहीं है, इसलिए कृषि विभाग के अधिकारी यह कार्यक्रम उन लोगों से करवाते हैं जो यह 50% का कमीशन दे सकें, और यह 50% का कमीशन देना तभी संभव है जब यह कार्यक्रम कागजो में होगा। इसीलिए जिले के दो संविदा कर्मचारी 50% उपसंचालक के नाम का और 50% में दोनों लोग आपस में शामिल होने के आरोप लग रहे। यही दोनो सविंदा कर्मचारी किसानों के प्रशिक्षण के नाम पर किसानों की फर्जी सूची तैयार करके अधिकारियों के सामने प्रस्तुत कर देते है और फिर प्रशिक्षण के लिए प्राप्त बजट को ठिकाने लगाने के लिए विभिन्न खर्चो के फर्जी बिल तैयार कर बजट को ठिकाने लगाए जाने का काम किया जाता है।

बैसे तो इन प्रशिक्षणों को एसएडीओ के माध्यम से ही कराए जाना चाहिए, लेकिन एसएडीओ को इसलिए यह प्रशिक्षण नही सौंपे जाते है। क्योंकि एसएडीओ से 50 प्रतिशत कमीशन की मांग कृषि विभाग के अधिकारियो द्वारा की जाती है। जबकि एसएडीओ 20 प्रतिशत से अधिक कमीशन देने को राजी नहीं होते है। बर्ष 2025-26 में जो 95 प्रशिक्षण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत कराए जाना थे लेकिन इन प्रशिक्षणों के संबंध में किसी भी एसएडीओ को जानकारी नहीं है।

खरीफ एवं रबी फसल वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत जिले में कृषि विभाग को 95 प्रशिक्षण कराने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। और इन 95 प्रशिक्षण के लिए प्रति प्रशिक्षण 14 हजार रूपए का रहता है। शासन के स्पष्ट निर्देश है कि यह प्रशिक्षण एसएडीओ के माध्यम से गांव गांव में कराए जाने चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। यह सभी प्रशिक्षण कागजों में दर्शाकर लाखों रूपए का वारा न्यारा किया जा रहा है।

## विद्यार्थी अपने शोध और नवाचार से देश को निरंतर आगे बढ़ाएं : राज्यपाल






छतरपुर

**राज्यपाल मंगुभाई पटेल शुक्रवार को वसंत पंचमी के अवसर पर महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर के पांचवे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। जहां राज्यपाल श्री पटेल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल ने समारोह में 19 विद्यार्थियों को पीएचडी, 46 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और लगभग 200 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की।**

राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में नए अवसरों को प्राप्त करने और नई चुनौतियों के समाधान खोजने में अपने ज्ञान और कौशल को निरंतर निखारते रहें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को मिली उपाधियां सिर्फ कागज का प्रमाण पत्र नहीं बल्कि जिम्मेदारियों का आमंत्रण पत्र है। उन्होनें विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने ज्ञान, कौशल, शोध, नवाचार से देश को निरंतर आगे बढ़ाते रहें।

राज्यपाल ने कहा कि सत्य बोलना, धर्माचरण और पर्यावरण संरक्षण हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण हमारी ही नहीं बल्कि विश्व की आवश्यकता बन कर उभरा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी का धर्म है कि वह माता-पिता और अपने गुरूजनों द्वारा दी गई शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए शिक्षा को अपने आचरण में लाएं। उन्होंने कहा शिक्षा केवल स्कूल, विद्यालय, विश्वविद्यालय तक ही सीमित नहीं है। परिवार, समाज से भी शिक्षा ग्रहण की जाती है। ध्यान रहे कि आज के विद्यार्थी ही कल के भारत को विकसित भारत बनाने की नींव हैं। उन्होंने कहा कि हम शिक्षा लेकर सिर्फ नौकरी करने वाले न बने बल्कि नौकरी देने वाले भी बनें।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई नई शिक्षा नीति ने देश की शिक्षा व्यवस्था को एक नई दिशा दी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा जीवन में आगे बढ़ते हुए आपको सफलता के पथ तक पहुँचाने वाले माता-पिता, गुरुजनों की साधना, त्याग और समर्पण को कभी नहीं भूलें अपने माता-पिता, गुरुजनों, समाज और राष्ट्र का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि आप सभी आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की कर्णधार पीढ़ी हैं।

राज्यपाल ने गुरूजनों से कहा कि शिक्षक का व्यक्तित्व ही विद्यार्थियों में ज्ञान और कौशल का संचार करता है। देश को उच्च कुशल और ज्ञान से परिपूर्ण व्यक्ति देना शिक्षक का कर्तव्य और धर्म होता है। आपकी प्रतिभा, ज्ञान और कौशल से किए गए कार्य, अध्ययन, अध्यापन की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा और ज्ञान का प्रकाश पहुंचे।

समारोह में विशिष्ट अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा और शोध के माध्यम से भारत को आगे बढ़ाने का कार्य करें। नई शिक्षा नीति को लागू करने में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है इससे प्रदेश में शिक्षा का स्तर बढ़ा है और शिक्षा सिर्फ पुस्तक ज्ञान तक सीमित न होकर कौशल आधारित हुई है।

सारस्वत अतिथि एवं अध्यक्ष म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल प्रो. खेमसिंह डहेरिया ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन, भरपूर आत्म-विश्वास और संवेदनशील व्यक्तित्व होना जरूरी है।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में छतरपुर विधायक ललिता यादव सहित नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, कमिश्नर सागर अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं पुलिस अधीक्षक अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल एवं अन्य अधिकारियों सहित गणमान्य नागरिक, विभिन्न संकायों के प्रमुख, विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी महोत्सव ओम सरस्वती स्कूल में

**छतरपुर।** ओम सरस्वती स्कूल परिसर में बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना, हवन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर अखिलेश पटेरिया संपादक राघव भास्कर व स्थानीय पार्षद श्रीमती अलका दुबे एवं विद्यालय संचालक आशुतोष अरजरिया रहे। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन कार्यक्रम संपन्न कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने श्रद्धा भाव से आहुतियां दीं। पूजा-पाठ के दौरान विद्या, बुद्धि और सद्बुद्धि की कामना की गई। बसंत पंचमी के अवसर पर बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, कविता पाठ, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनकी उपस्थित जनसमूह ने सराहना की। पीले वस्त्रों में सजे बच्चों ने बसंत ऋतु के महत्व और मां सरस्वती की महिमा पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय प्रबंधन ने अपने संबोधन में कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, कला और संस्कृति का पर्व है, जो विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में संस्कार, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने मां सरस्वती से उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नौगांव सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कार्य में खराब प्रगति पर ठेकेदार को नोटिस

**छतरपुर।** कलेक्टर ने नवीन तहसील के बाहर की रोड शीघ्र बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नौगांव के निर्मित किए जा रहे स्विमिंग पूल का कार्य तकनीकी गुणवत्ता पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नौगांव सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कार्य में खराब प्रगति पर ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी निकायों में मीटिंग हॉल विकसित करें एवं जहां बने हुए हैं, उनके रेनोवेशन अनिवार्य रूप से करा ले। उन्होंने छतरपुर में रेलवे स्टेशन एवं लाइब्रेरी के पास पब्लिक टॉयलेट विकसित करने के भी निर्देश सीएमओ को दिए। कलेक्टर ने टंकियों की सफाई की दिनांक भी टंकियों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। साथ ही अभियान चलाकर अवैध कॉलोनियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन निकाय में रेन बसेरा नहीं है, वहां निकाय मद से रेन बसेरा विकसित करें एवं सर्दी वाले स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करें।



## अग्रवाल समाज ने 12 सर्वजातीय निर्धन बेटियों का रचाया विधि-विधान से विवाह

**छतरपुर। शहर में शुक्रवार को अग्रवाल समाज के तत्वावधान में प्रथम सनातनी सामूहिक विवाह महायज्ञ का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें 12 आर्थिक रूप से कमजोर सर्वजातीय निर्धन बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कराया गया। यह सामाजिक सेवा और सनातन संस्कृति का अनुपम उदाहरण रहा।**

स्थानीय मिलाप मैरिज गार्डन में आयोजित इस कन्या विवाह महोत्सव में सुबह करीब 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की रस्में शुरू हुईं। बड़ी संख्या में समाजजन, गणमान्य नागरिक और परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छतरपुर की विधायक ललिता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया सहित अन्य प्रमुख अतिथि मौजूद रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को बिना किसी आर्थिक बोझ के सम्मानजनक विवाह का अवसर प्रदान करना था। समाज ने प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को गृहस्थी की पूर्ण सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की, ताकि वे अपने नए जीवन की शुरुआत बिना किसी चिंता के कर सकें।

## ठाकरे की जयंती पर शिव सैनिकों ने निकाली हिन्दू रैली



**छतरपुर।** शिवसेना के संस्थापक एवं हिंदुत्व के प्रतीक बालासाहेब ठाकरे की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को छतरपुर शहर में शिव सैनिकों द्वारा एक भव्य हिन्दू गर्जना रैली निकाली गई। इस रैली में सैकड़ों शिव सैनिकों ने भाग लिया और पूरा शहर भगवा रंग से रंग गया।

रैली की शुरुआत दोपहर करीब 1 बजे गायत्री मंदिर से हुई। हाथों में भगवा झंडे थामे उत्साही शिव सैनिकों ने शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए जय श्रीराम, बालासाहेब अमर रहें जैसे जोरदार नारे लगाए। रैली में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की भव्य झांकी रथ पर सवार होकर निकाली गई, जो शहरवासियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रही। ढोल-नगाड़ों और डीजे की गूंज के साथ रैली का माहौल उत्साह से भरपूर रहा।

खबर संक्षेप

## मौत के मुंह से खींच लाई जिंदगी, सेमरिया थाना प्रभारी विकास कपीश की सक्रियता से बची युवती की जान

**परिवार से नाराजगी के कारण खुदकुशी करने पहुंची थी पुरवा जलप्रपात**

**रीवा।** जिले के सेमरिया थाना अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पुरवा जलप्रपात में एक युवती द्वारा आत्महत्या करने के प्रयास को सेमरिया थाना प्रभारी विकास कपीस और उनकी टीम और वहां मौजूद लोगों ने अपनी सूझबूझ,साहस और तत्परता से विफल कर दिया सूचना मिलते ही कि एक युवती रेलिंग पार कर जलप्रपात के किनारे खड़ी है और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है थाना प्रभारी विकास कपीस तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे खतरनाक और दुर्गम परिस्थितियों के बीच करीब तीन घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में थाना प्रभारी ने पूरी सावधानी और धैर्य के साथ युवती को समझाया और सुरक्षित बाहर निकाला कड़ी मशक्कत के बाद युवती को सुरक्षित रेलिंग के भीतर लाकर उसकी जान बचाई गई घटना के दौरान मौके पर मौजूद सैलानियों और स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी विकास कपीस की जमकर सराहना की, लोगों ने कहा कि थाना प्रभारी की सक्रियता और साहस के चलते आज एक युवती को नया जीवन मिला समय पर की गई कार्रवाई से एक बड़ी अनहोनी टल गई रेस्क्यू के बाद युवती को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर आवश्यक मदद उपलब्ध कराई गई यह घटना पुलिस की मानवीय संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण है जिसने समाज में सुरक्षा और भरोसे की भावना को और मजबूत किया है।

## हाईस्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 13 फरवरी से

**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाईस्कूल कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा 13 फरवरी से आरंभ हो रही हैं। हाईस्कूल की परीक्षा 13 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे। परीक्षार्थी यथा संभव पेयजल की बोतल स्वयं लेकर आएं। कक्षा 10वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र शुक्रवार 13 फरवरी को उर्दू विषय का होगा। शनिवार 14 फरवरी को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के समस्त विषयों तथा आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का प्रश्न पत्र होगा। मंगलवार 17 फरवरी को अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा। गुरूवार 19 फरवरी को संस्कृत तथा शुक्रवार 20 फरवरी को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी के प्रश्न पत्र तथा मूक बधिर और दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, गायन वादन, तबला पखावज और कम्प्यूटर का प्रश्न पत्र होगा।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह आयोजन में 200 जोड़े दाम्पत्य बंधन में बंधे

## सांसद सहित जनप्रतिनिधियों ने पुष्पवर्षा कर नवयुगलों को दिया आशीर्वाद

रीवा।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह आयोजन के जिला स्तरीय कार्यक्रम में 200 जोड़े दाम्पत्य बंधन में आबद्ध हुए। सांसद श्री जनार्दन मिश्रा, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर नवयुगलों को शुभ आशीर्वाद दिया। मार्तण्ड स्कूल क्रमांक एक एवं तीन के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि आज का दिन नवदम्पत्तियों के लिये सौभाग्य का दिन है। हर माँ बाप को अपने संतान की चिंता होती है अब यह चिंता सरकार दूर कर रही है। बेटियों के हाँथ पीले कर उन्हें सहायता राशि भी दी जाती है। उन्होंने नवविवाहित बधुओं से अपेक्षा की कि वह पूरे समर्पण भाव से सास-ससुर व पति की सेवा करें। सास-ससुर भी अपनी बहू को अपनी बेटी जैसा प्यार व आशीर्वाद दें। श्री मिश्र ने अपेक्षा की कि नवविवाहित बेटियाँ ससुराल को धनधान्य से परिपूर्ण करेंगी और खुशहाल जीवन जियेंगी। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब वर्ग के लिये सौगात है जिसके माध्यम से जरूरतमंद, निराश्रित व निर्धन परिवारों की बेटियों के विवाह की चिंता सरकार करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी को योजना के संचालन के लिये साधुवाद दिया। उन्होंने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए अपेक्षा की कि खुशहाल जीवन जियें। नशे से दूर रहें और कुरीति में न फंसे। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन देते हुए संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि सामूहिक विवाह, निकाह योजनान्तर्गत संशोधित योजना में गरीब, जरूरतमंद, निराश्रित, निर्धन परिवारों की निर्धन एवं श्रमिक संवर्ग की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली बेटियों का विवाह किया जाता है। सम्मेलन में वधू को 49 हजार रूपये डीबीटी के माध्यम से खाते में दिये जाते हैं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार के आयोजन जनपद स्तर पर भी किये जायेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता माझी, पूर्णिमा तिवारी, जनपद अध्यक्ष रीवा सुनीता यादव, राजेश यादव सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक नामदेव ने किया।





## देव भूमि पचमठा में बीहर आरती के आयोजन से लोगों को जोड़ने का कार्य हो रहा है: उप मुख्यमंत्री





**रीवा।** अयोध्या धाम के श्री राममंदिर में रामलला की प्रांणप्रतिष्ठा के द्वितीय वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विगत शाम श्रीराम दरबार परिवार द्वारा देवभूमि पचमठा में माँ बीहर आरती में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल शामिल हुए तथा अपने उद्बोधन में कहा कि बीहर आरती के आयोजन से सनातन के दृढ़ता मिल रही है और लोगों को जोड़ने का कार्य भी हो रहा है। आज के ऐतिहासिक दिन में हम सभी साक्षी बन रहे हैं। शुक्ल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति व सनातन को दृढ़ता प्रदान करते है। श्रीराम दरबार के सदस्य प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होंने बीहर आरती आरंभ की और अब यह दिव्य व भव्य तौर पर प्रतिदिन आयोजित हो रही है। शंकराचार्य जी के देश को एक सूत्र में बांधने के उद्देश्य की पूर्ति में रामदरबार के सदस्य सफल हो रहे हैं। उन्होंने आरती स्थल के विस्तार के साथ ही हाई मास्क लाइट लगाये जाने सहित अन्य कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय सहित रामदरबार के सदस्य तथा बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में दिलाई गई शपथ



रीवा।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जायेगा। इस उपलक्ष्य में आज कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने शपथ दिलाई। उपस्थित जनों को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक सहित कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान 31 तक

**रीवा।** रीवा जिले में मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत मजदूरों तथा उनके परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि पंजीकृत मजदूरों तथा उनके परिवार के सदस्यों की सूची निरामय पोर्टल पर उपलब्ध है। इस सूची के आधार पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयुष्मान ऐप का उपयोग किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकायों के सहयोग से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 1 लाख लाभार्थियों को क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ



**रीवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में रेहड़ी-पटरी एवं छोटे व्यापारियों के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 1 लाख लाभार्थियों को क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ एवं ऋण वितरण का राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेशभर में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। रीवा में सजीव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों की विशेष सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान शहर के लाभान्वित हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए गए। साथ ही विशेष अभियान के अंतर्गत 30 पात्र हितग्राहियों से क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन भी प्राप्त किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को पथ विक्रेताओं एवं छोटे व्यापारियों को बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया तथा इसके सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लेखा समिति अध्यक्ष एवं पार्षद श्रीमती अमिता सिंह, पार्षद श्री अंबुज रजक, श्री नंदलाल ताम्रकार एवं श्री दारा सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नगर निगम से उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एम.एस. सिद्दीकी, सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यु सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

## नेताजी ने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर जनमानस में स्वतंत्रता संग्राम का जोश भरा: देवेंद्र सिंह





**रीवा।** ताम्रपत्रधारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे जन्म शताब्दी वर्ष बैनर तले सोमवार 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे से स्थानीय स्वयंवर बारातघर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, बिरसा मुंडा विचार मंच,विंध्यांचल जन आंदोलन एवं समाजवादी कार्यकर्ता समूह के संयुक्त तत्वावधान में नारी चेतना मंच की नेत्री मेहरुन्निशा की अध्यक्षता में संगोष्ठी सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्रद्धा सिंह ने किया। संगोष्ठी का विषय प्रवेश डॉ प्रकाश तिवारी ने कराया।संगोष्ठी को प्रमुख रूप से संबोधित करते हुए समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस यदि जीवित होते देश का दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन टाला जा सकता था। विभाजन का विरोध करते हुए समय गांधी जी को सुभाष चंद्र बोस बहुत याद आए थे। सावरकर के द्वि-राष्ट्रवाद की बात से मोहम्मद अली जिन्ना बहुत मदद मिली। आखिरकार इन्होंने खलनायक की भूमिका निभाते हुए देश का बंटवारा करा दिया। श्री खरे ने कहा कि महात्मा गांधी को सबसे पहले सुभाष चंद्र बोस ने राष्ट्रपिता कहा था। इस संबोधन को विवादित बनाने वाले लोग निश्चित रूप से सुभाष चंद्र बोस को अपमान कर रहे हैं। श्री खरे ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस दोनों देश को आजाद कराना चाहते थे लेकिन कुछ सवालों पर उनके बीच मतभेद थे , मन भेद नहीं। आजादी के आंदोलन का शंखनाद करने के बाद दोनों एक दूसरे का पूरक बन गए थे। महात्मा गांधी ने जब बम्बई में 8 अगस्त सन 1942 की रात्रि अंग्रेजों भारत छोड़ो और करो या मरो का नारा दिया तो सुभाष चन्द्र बोस ने भी 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हॉल के सामने आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च कमांडर के रूप में दिल्ली चलो का नारा देकर ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ शंखनाद कर दिया था।संगोष्ठी के विशिष्ट वक्ता बिरसा मुंडा विचार मंच के संस्थापक समाजसेवी देवेंद्र सिंह ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस महाभारत के कर्ण की तरह महान योद्धा थे। विषम परिस्थितियों में उन्होंने देश के बाहर जाकर आजाद हिंद फौज का नेतृत्व करके भारत को ब्रिटिश गुलामी से मुक्त करने का आवाहन किया। वे बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। आईसीएस परीक्षा में अच्छे नंबरों से सफलता प्राप्त करने के बाद भी उन्होंने कलेक्टर बनने की जगह देश की आजादी की लड़ाई का एक योद्धा बनने का निर्णय लिया। सन 1940 में आगरा की चुंगी मैदान की एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर भारतीय जनमानस में स्वतंत्रता की भावना का उबाल ला दिया था।कार्यक्रम मे समता सम्पर्क अभियान के शेषमणि शुक्ला , सुरेंद्र नाथ माझी, समाजसेवी बी पी नामदेव, बिरसा मुंडा विचार मंच के विष्णु कुशवाहा, पत्रकार अभिषेक कुशवाहा, समाजवादी कार्यकर्ता समूह के संतोष माझी, नारी चेतना मंच नेत्री इतवरिया चंदेल, गीता महंत, साक्षी महंत, विधि छात्रा दुर्गा साकेत आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 10 फरवरी से

**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा 10 फरवरी से आरंभ हो रही है। हायर सेकण्डरी की परीक्षा 10 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी यथा संभव पेयजल की बोतल स्वयं लेकर आएं। कक्षा 12वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र मंगलवार 10 फरवरी को होगा। इस दिन अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा। शुक्रवार 13 फरवरी को एनिमल हस्बैण्डरी मिल्क ट्रेड पोल्ट्रीफार्मिंग एवं फिशरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास, अर्थशास्त्र तथा फिजिक्स का प्रश्न पत्र होगा। शनिवार 14 फरवरी को बायोटेक्नॉलाजी, गायन वादन एवं तबला पखावज का प्रश्नपत्र होगा। सोमवार 16 फरवरी को संस्कृत का प्रश्नपत्र तथा मंगलवार 17 फरवरी को ड्राइंग एण्ड डिजाइन का प्रश्न पत्र होगा। बुधवार 18 फरवरी को केमिस्ट्री, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलिमेंट आफ साइंस एण्ड मेथमेटिक्स यूजफुल फार एग्रीकल्चर, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग और गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान के प्रश्न पत्र की परीक्षा होगी। गुरूवार 19 फरवरी को मनोविज्ञान का प्रश्नपत्र होगा। शुक्रवार 20 फरवरी को आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस, नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेम वर्क के सभी विषय और शारीरिक शिक्षा का प्रश्नपत्र होगा। शनिवार 21 फरवरी को कृषि, होम साइंस (कला समूह) तथा बुककीपिंग एण्ड एकाउंटेन्सी का प्रश्न पत्र होगा। सोमवार 23 फरवरी को बॉयोलाजी तथा बुधवार 25 फरवरी को गणित का प्रश्नपत्र होगा। गुरूवार 26 फरवरी को राजनीति शास्त्र एवं 27 फरवरी को इन्फॉरमेटिक प्रेक्टिसेस का प्रश्नपत्र होगा। सोमवार 2 मार्च को समाजशास्त्र का प्रश्नपत्र होगा। गुरूवार 5 मार्च को भूगोल, क्रॉप प्रोडक्शन एण्ड हार्टिकल्चर, स्टिल लाईफ एण्ड डिजाइन, शरीर रचना क्रिया-विज्ञान एवं स्वास्थ्य का प्रश्नपत्र होगा। शुक्रवार 6 मार्च को उर्दू तथा मराठी एवं अंतिम प्रश्नपत्र शनिवार 7 मार्च को हिंदी का होगा।

## भूमि आवंटन के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 17 फरवरी तक

**रीवा।** नगर निगम रीवा द्वारा अमृत योजना के तहत सीवरेज परियोजना में इंटरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन बनाया जा रहा है। इसके लिए खैरा पटवारी हल्का में ग्राम पड़रा की शासकीय भूमि खसरा नम्बर 193/1 रकवा 0.2490 हेक्टेयर के अंश भाग 0.012 हेक्टेयर के लिए आवेदन किया गया है। इसी तरह नगर निगम ने ग्राम ढेकहा की शासकीय भूमि क्रमांक एक रकवा 0.0690 हेक्टेयर के अंश भाग 0.012 हेक्टेयर के आवंटन के लिए कलेक्टर न्यायालय में आवेदन दिया गया है। नगर निगम द्वारा ही ग्राम निपनिया में शासकीय भूमि खसरा नम्बर 321 रकबा 0.4050 हेक्टेयर के अंश भाग 0.0289 हेक्टेयर के आवंटन के लिए भी आवेदन किया गया है। नगर निगम ने पंपिंग स्टेशन निर्माण के लिए रीवा में शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 179 रकबा 0.2470 हेक्टेयर तथा 200 केएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिए रीवा में शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 109 रकबा 0.930 हेक्टेयर के अंश भाग 0.0895 हेक्टेयर के आवंटन के लिए आवेदन किया गया है।

## माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ बसंत पंचमी कार्यक्रम



**रीवा।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय परिसर में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन और 'स्वदेशी संकल्प दौड़' में ज्ञान, संस्कृति और राष्ट्रभावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या, वाणी और कला की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। परिसर निदेशक डॉ. सतेंद्र डहरिया ने बसंत पंचमी के सांस्कृतिक और शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व नवचेतना, सृजनशीलता और बौद्धिक उन्नयन का प्रतीक है। पत्रकारिता एवं संचार के विद्यार्थियों के लिए यह दिन विशेष प्रेरणा स्त्रोत है, क्योंकि माँ सरस्वती ज्ञान और अभिव्यक्ति की प्रतीक हैं। एडजंक्ट प्रोफेसर जयराम शुक्ल ने कहा कि माँ सरस्वती का आशीर्वाद विवेक, संवेदना और सत्य के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' को स्मरण करते हुए कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान और सौंदर्य की साधना का संदेश देती है, वहीं निराला जयंती साहस और वैचारिक स्वतंत्रता की प्रेरणा है। इसी अवसर पर शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की पहल और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशों के तहत 'स्वदेशी संकल्प दौड़' का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने "स्वदेशी अपनाओ, देश को मजबूत बनाओ" और "आत्मनिर्भर भारत" जैसे नारों के साथ दौड़ में हिस्सा लिया तथा विद्यार्थियों सहित सभी ने स्वदेशी शपथ भी ग्रहण की । इस दौरान डॉ. बृजेश पाण्डेय, डॉ.विनोद दुबे, डॉ.अजीत कुमार मिश्र, डॉ.नवीन तिवारी, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. वंदना तिवारी, प्रो. प्रदीप के.शुक्ल, प्रो. अपर्णा गोस्वामी. प्रो. सोमेंद्र सिंह, डॉ. नीति मिश्रा, प्रो. सौरभ मिश्रा, प्रो, तरुण त्रिपाठी, शैलेन्द्र द्विवेदी, कनिष्क तिवारी, अखंड प्रताप सिंह, अंबुज पाण्डेय, आरती श्रीवास्तव , ज्योति सिंह, हरीश मिश्रा, संगीता द्विवेदी, सुनील पांडे सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रहे।




## ट्रेलर के पिछले पहिए के नीचे आने से बाइक सवार युवक की मौत

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर कस्बे में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक चल रहे ट्रेलर ट्रक के पिछले पहियों के नीचे आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्रित हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक और ट्रेलर ट्रक दोनों बैकुंठपुर से रीवा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान किसी कारणवश बाइक सवार युवक संतुलन खो बैठा और ट्रेलर ट्रक के पीछे के पहियों के नीचे आ गया। हादसा इतना भीषण था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही बैकुंठपुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रेलर ट्रक को जप्त कर थाने लाया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में बैकुंठपुर थाना प्रभारी घनश्याम मिश्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बाइक और ट्रेलर दोनों एक ही दिशा में जा रहे थे। अचानक बाइक सवार युवक ट्रेलर के पिछले पहियों के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस द्वारा नियंत्रित कराया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद दुर्घटना के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।